# यूपीईएस ने एनआईआरएफ रैंकिंग में पाया नया मुकाम

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

■ इनोवेशन के क्षेत्र में 50 सबसे बड़े संस्थानों की सूची में यूपीईएस का नाम शामिल

देहरादून। यूपीईएस ने एक बार फिर नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) मूल्यांकन में ऊपर उठकर उत्कृष्टता के प्रति कमिटमेंट का प्रदर्शन किया है। एनआईआरएफ रैंकिंग 2024 के अनुसार यूपीईएस ने यूनिवर्सिटी श्रेणी में भारत में 46वां स्थान हासिल किया है, जो 2023 की रैंकिंग से 6 स्थान ऊपर है। यूपीईएस ने गत वर्ष की तुलना में ओवरऑल श्रेणी में भी 20 पायदान की महत्वपूर्ण छलांग लगाकर 59वां स्थान हासिल किया है।

यूनिवर्सिटी ने कानून में 28वां, प्रबंधन में 41वां और इंजीनियरिंग श्रेणियों में 42वां स्थान हासिल किया। इसके साथ ही, यूपीईएस उत्तराखंड में सर्वोच्च रैंकिंग वाला निजी विश्वविद्यालय बना हुआ है। यूपीईएस यूनिवर्सिटी शीर्ष की ओर अपने कदम बढ़ा रहा है। 2021 में एनआईआरएफ की शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों की सूची में प्रवेश करने के बाद से 'यूनिवर्सिटी' श्रेणी में 100वें स्थान पर है। 2022 में यूपीईएस यूनिवर्सिटी श्रेणी में 65वें स्थान पर पहुंच गया और पिछले साल 2023 में 52वें स्थान पर पहुंच गया। यहां तक कि 'ओवरआल' श्रेणी में भी यूपीईएस ने हर साल अपनी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार किया है, जो 2022 में 97वें स्थान से शुरू हुआ और 2023 में श्रेणी में 79वें स्थान पर पहुंच गया। इस साल, पहली बार यूपीईएस ने इनोवेशन वर्ग में भारत के शीर्ष 50 संस्थानों में अपनी जगह बनायी है।

वाइस चांसलर यूपीईएस डा. राम शर्मा ने कहा कि भारत के शीर्ष संस्थानों में शामिल होना यूपीईएस के लिए यह गर्व का क्षण है। प्रत्येक वर्ष एनआईआरएफ विवि और स्कूल रैंकिंग में हमारी निरंतर वृद्धि वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित संस्थान बनने की हमारे कमिटमेंट को दर्शाती है।